एक नजर में

## डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को राष्ट्रीय स्तर के दो अवार्ड्स




**महू .** नई दिल्ली में अखिल भारतीय चिकित्सक संघ द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में होम्योपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रोफेसर डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को राष्ट्रीय स्तर के दो अवार्ड्स डॉ. हैनिमैन अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस अप्रैल 26 एवं होम्यो भूषण अवार्ड मार्च 26 से सम्मानित किया गया. यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें होम्योपैथी चिकित्सा सेवा के 25 वर्षों के समर्पित कार्य के लिए प्रदान किए गए. डॉ. श्रीवास्तव ने अपने दीर्घ चिकित्सकीय अनुभव में कमर दर्द एवं मनोरोग आधारित जटिल शारीरिक रोग संबंधित पीएचडी शोध, बांझपन (इन्फर्टिलिटी), किडनी एवं प्रोस्टेट संबंधी रोगों, पथरी, पीसीओडी, ट्यूमर्स, मानसिक एवं मनोरोग संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. विशेष रूप से, मध्य भारत में एमडी (साइकेट्री) एवं पीएचडी (होम्योपैथी) की संयुक्त योग्यता रखने वाले वे एकमात्र चिकित्सक के रूप में जाने जाते हैं. चिकित्सा सेवा के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. उन्होंने 12 वर्षों तक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया. इस उपलब्धि के लिए डॉ. श्रीवास्तव को सामाजिक संस्थाओं, होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ महू, चिकित्सक गण, रोटरी क्लब महू, चित्रांश कायस्थ समाज महू, पीथमपुर और राऊ द्वारा बधाई प्रेषित की गई.

## महू में गौवंश वध कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर/महू .** ग्रामीण के महू में गौवंश वध के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल छुरा और चाकू भी जब्त किए हैं. ज्ञात हो, 24 अप्रैल को महू क्षेत्र में क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे गौवंश का कटा सिर और खाल मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया था. मामले में महू थाने में मप्र गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था. एसपी ग्रामीण यागंचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार द्विवेदी और एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार के साथ थाना प्रभारी दीपक राठौर के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कॉल डिटेल व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की. इसके बाद सोमवार को मो. फरीद उम्र 20 साल निवासी बंडा बस्ती और सोहेल उम्र 25 साल निवासी रेलवे कॉलोनी महू को गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में आरोपियों की संलिप्तता सामने आने के बाद उनके कब्जे से वारदात में उपयोग किए गए हथियार भी बरामद किए हैं.

## अपनी मांगों को लेकर खाद-बीज-दवा व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा



**महू.** कृषि खाद बीज दवाई व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन कृषि अधिकारी को सौंपा है. ज्ञापन में व्यापारियों ने खाद पर जबरन लिंकिंग, डीलर मार्जिन में वृद्धि और साथी पोर्टल में राहत देने की मांग की है. व्यापारियों का कहना है कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग की जा रही है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है. उन्होंने डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत करने की मांग की है. व्यापारियों ने साथी पोर्टल को वैकल्पिक बनाने और इसकी अनिवार्यता को केवल निर्माताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखने की मांग की है. उन्होंने ।ऻक्ञ्ञ बीज नीति में बदलाव, विक्रेता को साक्षी का दर्जा देने और एक्सपायर्ड कीटनाशक नीति में बदलाव की मांग की है. व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन बंद करेंगे, जिससे देश के कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा. ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष दीपक चौहान, रुपेश अग्रवाल, प्रेम सिंह ठाकुर, महेंद्र यादव, राजू यादव, रोहित अग्रवाल, नितिन बारोड़, लोकेंद्र हारोड़ आदि व्यापारीगण उपस्थित थे.

## कोंदवाड़े में भीषण आग, तीन गायों की जलकर मौत

इंदौर. तिल्लोर खुर्द इलाके में एक कोंदवाड़े में लगी भीषण आग से बड़ा नुकसान हो गया. आग में तीन गायों की जलकर मौत हो गई, वहीं बड़ी मात्रा में रखा आलू भी राख हो गया. जानकारी के मुताबिक जय राम चौहान के कोंदवाड़े में देर रात अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे बाड़े को अपनी चपेट में ले लिया. आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी. मौके पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद करीब 6 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया. हालांकि तब तक बाड़े में बंधी तीन गायों की जलने से मौत हो चुकी थी और वहां रखे आलू के बोरे भी पूरी तरह जल गए. घटना में किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है.


# अग्निवीर संदीप जमरा को नम आंखों से दी विदाई

**▶ वीर सैनिक के बुजुर्ग पिता ने कहा : गर्व है मुझे मेरे बेटे पर जिसका जुनून रहा देश सेवा करने का...**

**बाग।** अग्निवीर सैनिक संदीप जमरा अपने गांव जामला आ रहे थे तभी दिल्ली में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर 28 अप्रैल को दोपहर को पैतृक गांव बाग विकासखंड के जामला लाया गया। जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले ग्राम टांडा में नागरिकों ने अपने वीर सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित तथा उनकी शहादत पर नागरिकों ने ढोल मांदल ओर डीजे के साथ संदीप जमरा अमर रहे के जोशिले नारे लगाते हुए सम्मान यात्रा निकाली गई उस समय सभी की आंखें नम हो गई तब बटालियन संदीप जमरा पार्थिव शरीर लेकर उनके घर पहुचे । संदीप की इस अंतीम यात्रा में शामिल होने के लिए लोग बड़ी संख्या में अपनी अपनी व्यवस्था से पहुचे ओर वीर सैनिक को अंतीम सलामी दी ।





**बुजुर्ग हैं पिता, लकड़ी के सहारे चलते हैं...**

अग्निवीर ग्राम जामला की आन बान शान देश का गौरव संदीप जमरा के पिता बुजुर्ग है। पेर में चोट लगने के कारण लकड़ी के सहारे चलते हैं । अपने बेटे की एसी खबर सुनने के बाद भी वह कहते हे मुझे गर्व है अपने बेटे पर देश की सेवा में गया था जिनका नसीब होता हे वहीं देश सेवा में जाते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,जिला महामंत्री महेंद्र मेरति, टांडा मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी,बाग सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया, पुर्व मंडल महामंत्री भेरुलाल धारवाल, जयस संगठन के चंदू रिसावला, विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई, जामला सरपंच कैलाश भंवर आदि बडी संख्या में दुर दराज से आए गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन एवं पत्रकारो ने श्रद्धांजलि दी ।

बटालियन के जवानों ने भी संदीप को शस्त्र फायर कर सलामी दी । 6 माह पहले दिवाली पर भाई आए थे। संदीप कि बहन कल्पना जमरा ने बताया कि भाई 6 महीने पहले दिवाली पर घर आया था । हमे अभी खबर मीली थी की भाई को छुट्टियां मिली है ,ओर वह घर आ रहा हैं। जिसके चलते परिवार मे खुशियों का माहोल था । मगर यह पता नहीं था की भाई का शव घर आएगा । कल्पना बी ए बी एड शिक्षित हे ओर वह टीचर बनना चाहती है । उधर बड़े भाई की आंखों से आंसू नहीं रुक रहे हैं रो रोकर उसका बुरा हाल है ।

संदीप कि मां मड़ीबाई ने बताया कि उसके आने की खबर जेसे ही मीली थी मेरे मन में बहुत खुशी थी लेकीन कुछ ही समय बाद उसकी यह बुरी खबर आ गया जो कभी सोचा न था की वह इस तरह घर वापस आएगा उसे देखने के लिए में इंतजार में थी मेरा इंतजार अब इंतजार ही रह गया दो वर्ष पुर्व अग्निवीर में चयन के बाद वह ट्रेनिंग के लिए गया था। 15 दिन बाद वह घर वापस आ गया। परिवार ने उसे दोबारा ट्रेनिंग पर जाने से रोका था साथ ही उसे किराए के पेशे भी नहीं दिए थे । मगर संदीप के मन में देश सेवा करने की ललक थी तो वह अपने दोस्तों से पैसे लेकर चला गया ट्रेनिंग पर।



## बाग ब्लॉक के स्कूलों में छात्रों को बांटी नि :शुल्क सायकिलें

**बाग।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र बाग के शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा छठवीं के पात्र बालक बालिकाओं को साइकिल वितरण का कार्य किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार एकीकृत माध्यमिक विद्यालय आगर में पात्र 52 बालिक बालिकाओं में से उपस्थित 26 विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधि आगर सरपंच रतन सिंह किराड़े संकुल प्राचार्य राजाराम निगवाल जनशिक्षक जगत सिंह मंडलोई प्रेम सिंह मंडलोई व अन्य शिक्षकों पालकों की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बांदा में पात्र बालक बालिकाओं को साइकिल वितरण का कार्य जनपद सदस्य समरथ गहलोत पत्रकार शहजाद खान भारती प्रधान अध्यापक विजय भावसार एवं अन्य पालकों की उपस्थिति में साइकिल वितरण का कार्य किया गया। इसी कड़ी में शासकीय एकीकृत हाई स्कूल ग्राम जाली में दिनांक 28 अप्रैल को सरपंच प्रतिनिधि, जनपद सदस्य भुरु भाई अनारे, एवं समस्त शिक्षक गण की उपस्थिति में कक्षा छठी के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। इस दौरान बीआरसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना के साथ साथ बच्चों की नियमित उपस्थित शाला में बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।



## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

**राजगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और वाहन जब्त किया।**

**सरदारपुर।** पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारूल बेलापुरकर के निर्देशन, व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में दिनांक 28.04.2026 को थाना राजगढ़ पुलिस को एक कार से अवैध शराब परिवहन करने की सूचना प्राप्त हुयी । सूचना की तस्दीक हेतु थाना राजगढ़ से सउनि जितेन्द्र सांकला, प्रआर विपिन कटारा, प्रआर गोपाल परमार, आरक्षक मुकेश परमार, आरक्षक अंकित, आरक्षक दिलीप, आरक्षक नरेश, आरक्षक अमित को रवाना किया गया ।

पुलिस टीम द्वारा मोहनखेड़ा ओवरब्रिज के नीचे सर्विस लेन पर घेराबंदी कर एक सिल्वर रंग की वर्ना कार को रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम धर्मेन्द्र पिता लुमसिंह सोलंकी (27) निवासी ग्राम वन थाना राणापुर झाबुआ बताया। वाहन की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में अवैध अंग्रेजी शराब भरी पाई गई। आरोपी द्वारा शराब परिवहन संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया।

### मौके से 22 पेटी शराब की जब्त

पुलिस ने मौक से 22 पेटी और 60 नग खुले हुये टीन के डिब्बे अवैध अंग्रेजी शराब (माउंट बियर 6000) कुल 294 बल्क लीटर, कीमत लगभग 80556/-

-वर्ना कार क्रमांक एमपी 09 सीपी1118 -कीमत लगभग रू 8 लाख रुपए।

-ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन -कीमत लगभग रू15,000/-

आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 34(2), 46 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना राजगढ़ में धारा 34(2), 36 मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं।

**सराहनीय भूमिका**-उक्त कार्यवाही में सउनि जितेन्द्र सांकला, प्रआर विपिन कटारा, प्रआर गोपाल परमार, आरक्षक मुकेश परमार, आरक्षक अंकित, आरक्षक अमित, आरक्षक दिलीप, आरक्षक नरेश की सराहनीय भमिका रही है। पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है। राजगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है।

## शिक्षा विभाग में करोड़ों के गबन मामले में सीईओ के निर्देश, होगी एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ सिद्धार्थ जैन ने शिक्षा विभाग में सामने आए कथित वित्तीय गबन मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. यह मामला रुपये के गबन से जुड़ा बताया जा रहा है.**

सीईओ सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी को आदेश दिए कि इस पूरे मामले में एमजी रोड थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाए. आदेश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने अब तक की जांच रिपोर्ट और सभी आवश्यक दस्तावेज पुलिस को सौंप दिए हैं. हालांकि खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी थी और आगे की प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है. सीईओ ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन-जिन लोगों के बैंक खातों में संदिग्ध राशि ट्रांसफर हुई है, उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी और वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी.

### अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या नहीं

इसके साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या वर्ष 2016 से दिसंबर 2022 तक बीईओ इंदौर के पद पर रहे पांच शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी या नहीं. बताया जाता है कि जिला कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा कोष एवं लेखा विभाग के माध्यम से कराई गई जांच में यह सामने आया है कि गबन की राशि का ट्रांजैक्शन ओटीपी के जरिए इन्हीं अधिकारियों के माध्यम से हुआ था. **कम्प्यूटर के दिए थे पासवर्ड**- जांच में यह भी सामने आया है कि एक भृत्य सिद्धार्थ जोशी को कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य सौंपा गया था .

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**इंदौर. गांधीनगर क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया.**

हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम रिजलाय निवासी मोहन तंवर उम्र 36 साल अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था. इसी दौरान सामने से आए डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे और मोहन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है.



**एक नजर में ▶ धार जिले के गांवों तक जल्द पहुंचेगा मां नर्मदा का पानी...**

## शिव मंदिर सम्मान समारोह में सांसद सावित्री ठाकुर शामिल

**सरदारपुर ।** सम्मान समारोह मे पाटीदार समाज संगठन प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश रावले, पूर्व अध्यक्ष पाटीदार समाज डॉ भगवान भाई पाटीदार सरदारपुर, ऊंझा के कारोबारी सभ्य मनोहर कामदार रानिपुरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री रामेश्वर जी मुकाती ,उदयराम जी उटावदा , रविन्द्र जी सुल्तानपुर, गोर्धन जी पालोत्रा,अम्रतलाल जी गाजनोद, छगनलाल जी धामन्दा आदि अतिथी मंचासिन रहे। सांसद सावित्री ठाकुर ने अपने उद्बोधन में सफल आयोजन की बधाई के साथ साथ मां नर्मदा का पानी सिंचाई हेतु धार जिले के सभी गांवों तक जल्द से जल्द पहुंचाने का वादा किया । संचालन रमेश पटेल शेरगढ़ ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे ।

